# पूरे शहर को दूषित जल से मुक्ति के लिए कारगर प्रयास किए जाएंगे

- 10 जनवरी से प्रदेशव्यापी शुद्ध जल अभियान होगा प्रारंभ
- अपर मुख्य सचिव द्वय श्री मंडलोई और श्री राजन ने स्थिति की समीक्षा की
- बैठक में लिये गये अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर. भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जल जनित घटना के बाद अब स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है. क्षेत्र में प्रभावित नागरिकों के स्वास्थ्य में भी लगातार सुधार आ रहा है. क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल के वितरण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है.**

यह जानकारी आज यहाँ अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मंडलोई और इंदौर जिले के प्रभारी तथा अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक में दी गई. बैठक में भागीरथपुरा क्षेत्र की स्थिति के बारे में समीक्षा की गई. बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. अपर मुख्य सचिव श्री मण्डलोई और श्री राजन ने बैठक में बताया कि आपदा को अवसर में बदलकर पूरे शहर को दूषित जल से मुक्ति के लिये कारगर प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 10 जनवरी से प्रदेशव्यापी शुद्ध जल अभियान प्रारंभ किया जा रहा है. अभियान के तहत शुद्ध जल आपूर्ति पर विशेष फोकस रहेगा। अभियान में सभी जल स्त्रोतों की जांच, त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई और व्यापक जनजागरूकता के कार्य प्राथमिकता से होंगे. इस घटना को एक चेतावनी मानते हुए पूरे प्रदेश में जल आपूर्ति व्यवस्था की सतत समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति न हो और नागरिकों को सुरक्षित पेयजल एवं सुरक्षित जीवन परिवेश मिल सके. श्री मण्डलोई ने बैठक में नगर निगम को निर्देश दिए कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर समय तत्पर और सजग रहे.



### शहरव्यापी दीर्घकालिक सुधार

बैठक में बताया गया कि केवल भागीरथपुरा नहीं, बल्कि पूरे इंदौर शहर की जल आपूर्ति एवं भूजल गुणवत्ता की निगरानी की जायेगी. इसके लिये पूरे शहर के 105 ओवरहेड टैंकों पर इलेक्ट्रॉनिक/कंप्यूटरीकृत वाटर एनालाइज़र लगाए जाएंगे. रीयल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम में विशेष व्यवस्था होगी. सीवेज लाइन, मेन पाइपलाइन, चैंबरों की लीकेज रोकथाम, प्लास्टरिंग एवं सीलिंग के कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जायेगा. अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण रही, लेकिन इससे सबक लेते हुए शासन-प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो. पीड़ितों को श्रेष्ठ चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराना और नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना प्राथमिकता है.

### स्थिति में निरंतर सुधार

बैठक में बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किए जा रहे कार्यों से स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है. स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा उल्टी दस्त के जो मरीज स्वस्थ होकर लोटे थे, उनका लगातार फालोअप किया जा रहा है. भागीरथपुरा क्षेत्र में विस्तृत सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है. सर्वे में लगभग 61 टीमें बनाई गई थी. प्रत्येक टीम ने घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे किया. इसके तहत सर्वे टीम ने भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक घर में ओ.आर.एस. के 10 पैकेट एवं जिंक की 30 टेबलेट वितरित की. इसके साथ-साथ ही एक क्लिनवेट ड्राप भी वितरित किए गए. सर्वे टीम द्वारा नागरिकों को क्लिनवेट के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया.

**व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान प्रारंभ किया जाएगा-** बैठक में उपचार व्यय पर निगरानी के निर्देश दिए गए. अस्पतालों में किए गए उपचार का आर्थिक भार किसी भी प्रभावित परिवार पर न पड़े, इसके लिए कलेक्टर स्वयं सतत निगरानी करेंगे. डिस्चार्ज होते समय इस बात पर फोकस करें कि उनके बिल की राशि न मांगी जाए. भागीरथपुरा क्षेत्र में एक व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, ताकि सभी नागरिकों के स्वास्थ्य की समुचित जांच हो सके. कोमॉर्बिडिटी (अन्य बीमारियों) की पहचान और जागरूकता अभियान चलेगा. आमजन का भरोसा बहाल करने के उद्देश्य से एक विशेष जनविश्वास अभियान चलाया जाएगा. भागीरथपुरा क्षेत्र के लगभग 50 हजार परिवारों को 20-25 जोन में विभाजित किया जायेगा. गठित स्वसहायता समूहों और आवश्यकता के अनुसार नए स्वसहायता समूह गठित कर स्थानीय महिलाओं और आमजन की भागीदारी विकासात्मक तथा कल्याणकारी गतिविधियों में सुनिश्चित की जायेगी. प्रत्येक 50-100 घरों पर एक प्रभारी अधिकारी तैनात रहेंगे. तत्कालिक एवं दीर्घकालिक समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्या के तत्काल निवारण के साथ-साथ स्थायी समाधान हेतु भी ठोस प्रयास किए जाएं. अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने कहा कि यह पूरा कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं सतत सुपरविजन में किया जा रहा है.

### मुख्य निर्णय एवं कार्ययोजना

बैठक में बताया गया कि मेन पाइपलाइन से जुड़े सभी शासकीय बोरवेल सील किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार का कंटामिनेशन रोका जा सके. 13 जनवरी से टंकी के माध्यम से जलप्रदाय पुन: प्रारंभ किया जाएगा. जल शुद्ध पाए जाने के बावजूद एहतियातन उबालकर पानी पीने की एडवाइजरी जारी रहेगी.

## एक नजर में

### पीएनजी ज्वेलर्स का चेन एंड बैंगल महोत्सव

इंदौर. भारत के सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, पीएनजी ज्वेलर्स द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित चेन एंड बैंगल महोत्सव का आयोजन किया गया है. यह महोत्सव 5 जनवरी से सभी पीएनजी ज्वेलर्स शोरूम्स में शुरू हो रहा है. महीने भर चलने वाला यह उत्सव ज्वेलरी टाइमलेस और वर्सेटाइल इन दो श्रेणियों को एक साथ लाता है, जिससे ग्राहकों को रोज़ाना की शालीनता और उत्सव की भव्यता, दोनों में निवेश करने का बेहतरीन अवसर मिलता है. इस महोत्सव के तौर पर, ग्राहकों को सोने की चेन और चूड़ियों पर मेकिंग चार्ज पर प्रति ग्राम रुपये 515 की फ्लैट छूट पा सकते हैं. इसके अलावा, हीरे की चूड़ियों पर मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है. यह सभी ऑफर्स 5 से 31 जनवरी तक सभी पीएनजी ज्वेलर्स शोरूम्स में शुरू रहेंगी. पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ इन टाइमलेस आभूषणों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं.

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के उत्सव ऑफर्स

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और पिछले एक दशक में आरबीआई से यूनिवर्सल बैंक में रूपांतरण हेतु इन-प्रिंसिपल अनुमोदन प्राप्त करने वाला पहला बैंक, संक्रांति के अवसर पर पूरे देश में ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए त्योहारी ऑफ़र्स लेकर आया है. इन ऑफर्स का उद्देश्य उत्सव को और भी आनंददायक और ग्राहकों के लिए अधिक लाभकारी बनाना है. एयू एसएफबी फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा, भोजन, आभूषण और मनोरंजन पर आकर्षक बचत के माध्यम से त्योहारी अनुभव को और खास बना रहा है, उत्तम तिबरेवाल, कार्यकारी निदेशक एवं डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा संक्रांति फसल, कृतज्ञता और नए आरंभ का उत्सव है- ये मूल्य हमारे लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में गहराई से जुड़े हुए हैं. हमें खुशी है कि हम पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए ये त्योहारी ऑफ़र्स ला रहे हैं, जिससे इस विशेष समय में रोज़मर्रा का खर्च और भी लाभकारी बन सके.

### चाथा पाचा 22 जनवरी को होगी रिलीज़

इंदौर. रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट की कुश्ती पर आधारित एक्शन एंटरटेनर चाथा पाचा 22 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज़ डेट पोस्टर ने अभिनेता ममूटी के फिल्म में होने की चर्चाओं को और तेज़ कर दिया है . रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट की इस फिल्म ने आधिकारिक तौर पर 22 जनवरी, 2026 की तारीख अपनी रिलीज़ के लिए चुनी है, जो मलयालम सिनेमा के लिए साल की एक धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। शोर, रफ़्तार और करिश्मे से भरपूर चाथा पाचा सिनेमाघरों में तूफान लाने के लिए तैयार है. फिल्म का पोस्टर गोल्डन टोन, हवा में उड़ते नोटों, गरजती भीड़ और बीच हवा में उछलते एक पहलवान के साथ कंट्रोल्ड कैओस के दृश्य को दर्शाता है. लेकिन इस सबके बीच जो चीज़ सबसे ज़्यादा ध्यान खींचती है, वह है इन सिनेमाज वाक्यांश, जहाँ एम को विशेष रूप से हाईलाइट किया गया है. यह विज़ुअल संकेत सीधे तौर पर मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता ममूटी की ओर संकेत करता है. कुश्ती के रिंग की पृष्ठभूमि में, ममूटी जैसी प्रभावशाली शख्सियत की मौजूदगी की संभावना एकदम सटीक बैठती है.

### एक्सिस फाइनेंस ने 'व्यापार बिज़नेस लोन' लॉन्च किया

इंदौर, एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने आज 'एक्सिस फाइनेंस व्यापार बिज़नेस लोन' के लॉन्च की घोषणा की. यह बिना किसी गारंटी (कोलैटरल-फ्री) वाला क्रेडिट समाधान है, जिसे भारत के अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लघु और छोटे व्यवसायों की वित्तीय ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. व्यापार बिज़नेस लोन का उद्देश्य रिटेल, सर्विस और ट्रेडिंग से जुड़े लघु और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाना है. इसके तहत 10 लाख रुपए तक का लोन, लचीली अवधि और बिना किसी गारंटी के फाइनेंस की सुविधा दी जाती है. यह लोन वर्किंग कैपिटल, व्यवसाय विस्तार या उपकरणों के उन्नयन के लिए एक सुविधाजनक समाधान प्रदान करता है. लॉन्च के अवसर पर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ साई गिरिधर ने कहा, लघु और छोटे उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मेरुदंड के समान हैं. व्यापार बिज़नेस लोन के माध्यम से हमारा लक्ष्य औपचारिक क्रेडिट को और अधिक सरल और समावेशी बनाना है, ताकि देशभर के दुकानदारों, व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को बिना गारंटी के फाइनेंस मिल सके. यह उत्पाद छोटे व्यवसाय मालिकों को अपने संचालन का विस्तार करने, वर्किंग कैपिटल बढ़ाने और अपने विकास लक्ष्यों को आत्मविश्वास और दक्षता के साथ पूरा करने में सक्षम बनाता है.

### अतुल पाटीदार करेंगे युवा लीडर्स का मार्गदर्शन

इंदौर. युवा ऊर्जा और रणनीतिक नीति-निर्माण के अभूतपूर्व संगम में, फार्मकार्ट और आर-सोलर के सीईओ अतुल पाटीदार को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (2026 में डोमेन विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है. यह उच्चस्तरीय सम्मेलन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 9 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहा है. भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के विज़न की दिशा में अग्रसर इस कार्यक्रम में, अतुल पाटीदार राष्ट्र के प्रतिभाशाली युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे. उनका मुख्य कार्य युवा प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई उच्च प्रभावी नीति सुझावों को और अधिक प्रभावी बनाना है, जिन्हें 12 जनवरी, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. अपनी आगामी भूमिका के बारे में अतुल पाटीदार ने कहा विकसित भारत कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि सामूहिक परिवर्तन की यात्रा है. भारत मंडपम में मेरा लक्ष्य है युवाओं की नवाचारी ऊर्जा को ठोस नीति-सिफारिशों में बदलना। कृषि और सौर ऊर्जा के ज़मीनी अनुभव को शासन-स्तर की नीति से जोड़कर हम 2047 का सपना नहीं देख रहे — हम उसे साकार कर रहे हैं. प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विज़न के लिए इन विचारों को परिष्कृत करना मेरे लिए सम्मान की बात है.

## आयुष के विकास, शोध और चिकित्सा का वैश्विक मंच बनेगा सिलीगुड़ी

- आयुष महाकुंभ में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता होंगे डॉ. ए.के. द्विवेदी

**इंदौर. वर्ष 2026 की शुरुआत आयुष जगत के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल के साथ होने जा रही है. संजीवनी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 11 जनवरी 2026 को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में आयोजित 7वाँ ग्लोबल आयुष समिट एवं अवॉर्ड समारोह आयुष के विकास, शोध एवं समन्वित चिकित्सा को वैश्विक मंच प्रदान करेगा.**



इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय समिट में इंदौर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं समाजसेवी डॉ. ए.के. द्विवेदी को मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है. इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी वर्ष 2026 का अपना पहला राष्ट्रीय व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे. डॉ. द्विवेदी को यह सम्मान उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, दीर्घकालीन क्लिनिकल अनुभव तथा विशेष रूप से एप्लास्टिक एनीमिया एवं बोन मैरो विकारों के क्षेत्र में किए गए उनके अग्रणी, मानवीय एवं शोध-आधारित योगदान के लिए प्रदान किया गया है.

समिट में डॉ. द्विवेदी एप्लास्टिक एनीमिया के नैदानिक परिणाम-केस-सीरीज आधारित होम्योपैथिक दृष्टिकोण विषय पर अपना मुख्य व्याख्यान देंगे. वे अपने संबोधन में वर्षों के उपचार अनुभव, वैज्ञानिक शोध-निष्कर्ष एवं व्यावहारिक चिकित्सकीय परिणामों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा करेंगे, जो आयुष चिकित्सा जगत के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे.

## विद्यार्थियों ने किया रचनात्मक परियोजनाओं का निर्माण

- ओरिएंटल विश्वविद्यालय में कार्यात्मक मॉडल प्रदर्शनी



**इंदौर. ओरिएंटल विश्वविद्यालय, इंदौर के विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भौतिकी मिनी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में बी.टेक और डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से अपने वैज्ञानिक कौशल और भौतिकी के बुनियादी सिद्धांतों को लागू किया, जिससे उन्हें रचनात्मक परियोजना निर्माण, समस्याओं के व्यावहारिक समाधान और विशेषज्ञ प्रतिक्रिया प्राप्त करने का प्रारंभिक अवसर मिला.**

छात्रों ने भौतिकी के मूल तत्वों को वास्तविकजीवन परिदृश्यों से जोड़ने वाली विविध परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं, जिनका मूल्यांकन डॉ. ऋतिका डेनियल, एसोसिएट डीन रिसर्च एवं प्रोफेसर ओसीपीआर, डॉ. नरेंद्र कुमार एसोसिएट प्रोफेसर कृषि संकाय और डॉ. मेघा सिंह सहायक प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि डॉ. अमोल गोरे, कुलाधिपति, ओरिएंटल विश्वविद्यालय ने छात्रों को सतत सीखने तथा भविष्य में नवाचार के लिए अपने विचारों को और परिष्कृत करने हेतु प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम संयोजक विजय ऐठेकर एवं सहसंयोजक गजेंद्र उपाध्याय और विनय मर्मट, दोनों विज्ञान विभाग के शिक्षण सहायक ने इसे इस प्रकार संचालित किया कि छात्रों को वैज्ञानिक प्रस्तुतियों, विशेषज्ञ समीक्षा और कौशल विकास का महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव मिलता रहे.

### ये रहे विजेता

निर्णायक समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न परियोजनाओं को विजेता घोषित किया गया. प्रथम पुरस्कार आईओटी-होम इनोवेशन आशुतोष तिवारी व वेस्ट टू इलेक्ट्रिसिटी अंकुर पाल को दिया गया. द्वितीय पुरस्कार- वैन डे ग्राफ- सुजल सावरकर व पासवर्ड सिक्योरिटी सिस्टम- अनंत पांडे को दिया गया. तृतीय पुरस्कार एंटी-ड्राइविंग स्लीपिंग अलार्म- प्रियांश खुशवाह और एंटी-ड्राइविंग स्लीपिंग अलार्म सिस्टम- अनिक अय्यान को दिया गया.



## ब्लड काल सेंटर ने किया 251 रक्तवीरों का सम्मान

- रक्तवीर गोल्डन अचीवर अवार्ड

**इंदौर.** भारत का पहला नि:शुल्क ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस पिछले 18 वर्षों से पूरे देश में जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध करा रहा है. अब तक केंद्र से 5 लाख से अधिक रक्तदाता जुड़े हैं और 3 लाख से ज्यादा मरीजों को निशुल्क रक्त दिया जा चुका है.

रक्तदाताओं के योगदान को सम्मान देने के लिए 4 जनवरी को रक्तवीर गोल्डन अचीवर अवार्ड-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 251 रक्तवीरों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में टीवी अभिनेता करण मेहरा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उनके साथ समाजसेवी अशोक गोयल, योगेंद्र महेंद्र, एमपी न्यूज़ के चीफ एडिटर महेंद्र सोनकर सहित अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का सम्मान किया. ब्लड कॉल सेंटर के संस्थापक अशोक नायक ने बताया कि संस्था 24-7 समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी निशुल्क रक्त सेवा के कारण देशभर में विशिष्ट पहचान बना चुकी है.



## लघु उपन्यास मांडव की रानी रूपमती की अमर कहानी का विमोचन

**इंदौर. सचेतक कॉफी हाउस क्लब में पत्रकार अर्जुन राठौर की तीसरी पुस्तक मांडव की रानी रूपमती की कहानी का विमोचन हुआ. इससे पूर्व मेरी व्यंग्य यात्रा तथा कविता संग्रह समय गवाही देगा प्रकाशित हो चुकी है.**

मांडव की रानी रूपमती की कहानी में बाजबहादुर ओर रूपमती की अमर प्रेम कहानी को दर्शाया गया है. विमोचन करते हुए दिख रहे हैं सचेतक कॉफी हाउस क्लब के अध्यक्ष श्री सुभाष खंडेलवाल ,ग्रुप एडमिन श्री किशनलाल सोमानी दैनिक दोपहर के संपादक नवनीत शुक्ला लेखक तथा फिल्मकार चंद्रशेखर बिरथरे पत्रकार कमलेश्वर सिंह , विमल जैन और वर्मा जी तथा अर्जुन राठौर ।



## चंद्रभान भारद्वाज की पुस्तकों का लोकार्पण

**इंदौर.** संवेदनाओं के चमत्कोर्ष को छूती हैं चंद्रभान भारद्वाज की गजलें. यह कथन ललित निबंधकार नर्मदाप्रसाद उपाध्याय ने कहे. प्रसंग था वरिष्ठ साहित्यकार व हिन्दी गजलकार श्री चंद्रभान भारद्वाज की दो पुस्तकों चुने हुए शेर तथा हिन्दी गजल के प्रारम्भिक मूलभूत नियम के लोकार्पण समारोह का जिसका आयोजन श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति तथा हिन्दी परिवार इन्दौर के संयुक्त तत्वाधान मे समिति के सभागार मे हुआ. सारस्वत अतिथि के रूप मे संबोधित करते हुए देश की साहित्यिक पत्रिका वीणा के संपादक राकेश शर्मा ने कहा कि बहुत दिनों के बाद इतनी सारगर्भित पुस्तकें आई हैं जो पाठक को अंदर से बांधती हुई रचनाकार के सर्जन संसार मे ले जाती है. कृतिकार चन्द्रभान भारद्वाज ने कहा कि अपनी इन कृतियों मे विशेषकर अपने गज़लों मे उन्होने ज़िंदगी के ठोस यथार्थ को समेटने का प्रयास किया है. अध्यक्षीय उद्बोधन मे कवि सत्यनारायन सत्तन ने कहा कि गजल दिल से बनती है दिमाग से नहीं, जिसका अपना विशेष गणित होता है तथा यही सिद्ध किया है चन्द्रभान भारद्वाज ने अपनी इन कृतियों मे. संचालन वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम बाजपेयी ने किया. अतिथियों का स्वागत कृतिकार चन्द्रभान भारद्वाज, अरविंद जवलेकर, सन्तोष मोहन्ती एवं राजीव शर्मा ने किया. इस अवसर पर डॉ. नीरज दीक्षित, समिति, हिन्दी परिवार, आनंदम् संस्था तथा अन्य कई साहित्यकारों ने उनका स्वागत किया. आभार माना मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के प्रधान मंत्री श्री अरविंद जवलेकर ने किया. इस अवसर पर सूर्यकांत नागर, सदाशिव कौतुक, प्रभु त्रिवेदी, प्रदीप नवीन, ज्योति जैन, डॉ. अरुणा सराफ, डॉ. शशि निगम, शिशिर उपाध्याय, आदि साहित्यकार व सुधीजन उपस्थित रहे.

एक नजर में | फूल बंगला सजेगा 10 जनवरी को, गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव की तैयारी जारी

## श्रीदेवी भूदेवी संग बालाजी ने किया नौका विहार

**इंदौर. बरसाने की छोरी राधा गोरी गोरी, बालाजी तोसे लागी लगन मत छोड़ना, छोटो छोटो सो कृष्ण कन्हैया, चलो बुलावा आया है प्रभु वेंकटेश ने बुलाया है जैसे सुमधुर भजनों की धुन पर नृत्य करते श्रद्धालु, पुष्कर्णी का नया रूप और श्रद्धालुओं के लिए सुंदर लाइटिंग नीला नीला आभा लिए जल जिसे मंदिर के पवित्र कुए से, गंगा, नर्मदा आदि का जल मिलाकर एवं गोमूत्र व गुलाब जल से पवित्र किया गया था.**



भगवान वेंकटेश बालाजी श्रीदेवी एवं भूदेवी संग नौका विहार के लिए पधारे थे स्वामी जी श्री केशवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में यजमान परिवारो ने पूजन अर्चन कर नौका विहार प्रारंभ कराया. श्रद्धालुओं ने देर रात तक भोपू जी के भजनों का आनंद पुष्कर्णी के तट पर उठाया. इस अवसर पर आदित्य घनश्याम दास, मालपानी जगदीश शर्मा, गगन बिसानी, कांताजी जोशी, कल्याणमल जी मंत्री मनीष माहेश्वरी पीयूष लड्ढा एवं शिव शंकर जी गर्ग भी मौजूद थे. मंदिर समिति के रोशन भांगड़िया एवं हुकुमचंद बियानी ने बताया की पद्मावती वेंकटेश देव स्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर आज ब्रह्मोत्सव के प्रथम दिवस सुबह रामानुज स्वामी का महाअभिषेक संपन्न हुआ. सुबह के सत्र में 12 बजे भगवान की सवारी मंदिर परिसर में शेष वाहन पर निकाली गई. इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में स्वामी केशवाचार्य ने कहा सभी लोग सुख के साथ अपना जीवन व्यतीत करना चाहते हैं लेकिन दुख के बगैर सुख की पहचान नहीं हो सकती. भगवान भक्तों के अधीन हो उन्हें सब कुछ प्रदान करने के लिए तैयार रहते हैं गोदांबाजी को सजाने के लिए उनकी सखियों ने शंख एवं चक्र मांग लिए थे और भगवान ने उन्हें प्रदान भी किए थे. भगवान भक्तों के समीप आने पर ही अपनी मुस्कान बिखेरते हैं, भगवान की भक्ति में कोई कमी नहीं करना चाहिए. इस अवसर पर प्रदीप साबू, बृजबाला समदानी अक्षय काबरा, अरुण जाखेटिया, मिथुन शारदा, बलराम मंत्री अनुराग तिवारी संजय चौहान सरलाहेड़ा पदमा सोनी भी मौजूद थे.

### आज सजेगा फूल बंगला

मंदिर समिति के नितिन तापड़िया एवं अशोक अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री वेंकटेश बालाजी वैकुंठनाथ स्वरूप में 10 जनवरी को सजने वाले भव्य फूल बंगला में दर्शन देंगे. इस वर्ष फूल बंगला विशेष आभा लिये होगा जिसमें राजमहल का दृश्य दृष्टिगोचर होगा इस हेतु वृंदावन से मोगरा, जूही, गुलाब वही बेंगलुरु से झरबेरा. करीब 300 किलो से अधिक फूलों का प्रयोग एवं केले के तने का उपयोग इसमें होगा. भजन गायक राम हुरकट भजनों की प्रस्तुतियां इस दौरान देंगे सुबह के सत्र में भगवान वेंकटेश का अभिषेक एवं शाम 7 बजे से फूल बंगले में प्रभु के दर्शन होंगे वही 11 जनवरी को होने वाले गोदा रंगनाथ विवाह हेतु मेहंदी रचाई जा रही है और मायरे की तैयारी की जा रही है मंगल गीत भी गए जा रहे हैं.